(क) मेरे बाल काले हैं।

(ख) गंदा पानी नहीं पीना चाहिए।




(ग) पेड़ पर दो चिड़ियाँ बैठी हैं।



(घ) छोटी बच्ची हँस रही है।

(ड.) हमारी कक्षा में तीस बच्चे हैं।



(च) वह लड़की बहुत मेहनती है।


दिनांक : ____________

नीचे लिखे शब्दों के लिए विशेषता बताने वाले शब्द लिखिए :

____________________ पक्षी




____________________ बच्चे




____________________ पेंसिल

____________________ सिपाही



____________________ डिब्बा

____________________ भोजन



दिनांक : ____________________

जो शब्द आपकी विशेषता बताते हैं, उन पर ⬭ लगाइए :

समझदार चुस्त मेहनती

हँसमुख सुंदर होशियार

मूर्ख साहसी दयालु सुस्त

मेरा चित्र

विशेषता बताने वाले शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए :

(क) सब्ज़ियाँ ____________________ हैं। (ताज़ी / गोरी)

(ख) पत्तियाँ ____________________ हैं। (लालची / हरी)

(ग) मुझे ____________________ अमरूद चाहिए। (चार / घने)

(घ) दीदी बाज़ार से ____________________ टमाटर लाईं। (लाल / दयालु)

दिनांक : ____________


कहानी पढ़कर विशेषता बताने वाले शब्दों पर ⬭ लगाइए–


मेरे पास एक गुड़िया है। उसके भूरे बाल, गुलाबी गाल, लाल होंठ और बड़ी–बड़ी काली आँखें बहुत सुंदर हैं। उसने नीले रंग की फ़्रॉक पहनी है। फ़्रॉक पर सुंदर लाल फूल भी बने हैं। उसने पाँव में सफ़ेद बिंदियों वाली चप्पल पहनी है। मुझे मेरी गुड़िया बहुत पसंद है।


गुड़िया का चित्र

दिनांक : ____________________

चीज़ों के साथ उनकी विशेषता बताने वाले शब्द लिखिए :









_______________ बस   _______________ गुलाब   _______________ करेला

वाक्यों को विशेषता बताने वाले शब्दों से पूरा कीजिए :




चालाक, सफ़ेद, दो, सात, खट्टा




(क) नींबू _______________ है।

(ख) ताजमहल _______________ रंग का है।



(ग) लोमड़ी बहुत _______________ होती है।

(घ) हमारी _______________ आँखें होती हैं।




(ड.) सप्ताह में _______________ दिन होते हैं।


दिनांक : ____________________

दी गई कहानी में विशेषता बताने वाले शब्दों पर गोला लगाइए:

<u>हाथी</u>

हाथी जंगली जानवर है। यह काफी बड़े डील–डौल का जानवर है। यह मोटा होता है। इसकी लंबाई दस–बारह फ़ुट होती है। इसकी चार टाँगें और दो बड़े कान होते हैं। इसकी सूँड़ लंबी होती है और दो दाँत बहुत कीमती होते हैं। इसे मीठे गन्ने और पेड़ों की हरी पत्तियाँ खाना पसंद है।





दिनांक : ________________

नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषता बताने वाले शब्द छाँटिए और दी गई जगह पर लिखिए :

(क) संतरा खट्टा है। ______खट्टा______

(ख) यश दूसरी कक्षा में पढ़ता है। ________________



(ग) हमारे घर दो लीटर दूध आता है। ________________

(घ) यह हमारा छोटा–सा परिवार है। ________________

(ड.) वहाँ पुराना किला है। ________________

(च) हमारा मकान बड़ा है। ________________


(छ) माँ सुंदर कपड़े पहनती हैं। ________________

दिनांक : ____________


दिए गए शब्दों में से सही विशेषता बताने वाले शब्द चुनकर खाली स्थानों को भरिएः

ठंडा, बड़ी, अच्छा, गरम, नन्ही, लाल




(क) कप में ____________ कॉफ़ी है।

(ख) मेरी बोतल ____________ है।



(ग) तोते की चोंच ____________ है।


(घ) गरमी में ____________ पानी ____________ लगता है।



(ड.) ____________ भेड़ झुंड से बिछुड़ गई।

दिनांक : ________________

विशेषता बताने वाले शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए :



(क) चींटी बहुत ________________ होती है। (छोटी / बड़ी)


(ख) चाय बहुत ________________ है। (ठंडी / गरम)




(ग) आसमान में ________________ तारे होते हैं। (एक / अनेक)


(घ) भारतीय झंडे में ________________ रंग होते हैं। (पाँच / तीन)


शब्दों का मिलान कीजिए:






| | |
|---|---|
| (क) ताज़ी | (i) फूल |
| (ख) सुंदर | (ii) हवा |
| (ग) चालाक | (iii) इमली |
| (घ) खट्टी | (iv) कोयल |
| (ड.) काली | (v) लोमड़ी |










दिनांक : ____________________

## शब्दों का मिलान कीजिए :



| | |
|---|---|
| (क) आम | (i) बड़ा |
| (ख) घास | (ii) मीठा |
| (ग) फूल | (iii) लंबी |
| (घ) घर | (iv) हरी |
| (ङ.) सड़क | (v) सुंदर |







## वाक्यों में से विशेषता बताने वाले शब्द छाँटिए:



(क) मैंने लाल गुब्बारा खरीदा। ____________________



(ख) बीरबल बहुत चतुर थे। ____________________

(ग) पेड़ पर दो कौए बैठे हैं। ____________________



(घ) हम दूसरी कक्षा में पढ़ते हैं। ____________________

दिनांक : ________________

अपने परिवार के सदस्यों के लिए दो–दो विशेषता बताने वाले शब्द लिखिएः


माँ ________________ ________________

पिताजी ________________ ________________

भाई / बहन ________________ ________________

दादा जी / नाना जी ________________ ________________

दादी जी / नानी जी ________________ ________________









दिनांक : ____________

# लिंग बदलो

1. नीचे दिए शब्दों का लिंग बदलो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दादा | – ____________ | बूढ़ा | – ____________ |
| भाई | – ____________ | बैल | – ____________ |
| सिंहनी | – ____________ | बकरा | – ____________ |
| चाचा | – ____________ | पड़ोसी | – ____________ |

2. नीचे दिए शब्दों को चुनकर सही सूची बनाएँ–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बैल | सहेली | चिड़ा | महारान | भाभी |
| चुहिया | कुत्ता | पोती | सिंह | धोबी |

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

दिनांक : ________________

# रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखो

1. मेरे पास दस <u>मुर्गे</u> हैं।

1. ______________________________

2. <u>राजा</u> की सवारी निकल रही है।

2. ______________________________

3. तालाब में पाँच <u>हथिनियाँ</u> हैं।

3. ______________________________

4. बिल्ली ने <u>चूहे</u> को पकड़ लिया।

4. ______________________________

5. <u>मोर</u> के पंख रंग बिरंगे हैं।

5. ______________________________

दिनांक : ________________

# पढ़िए और लिखिए :

आकाश दाल-चावल खा रहा है। खाना खाकर वह पाठशाला जाएगा। मीरा उसकी बड़ी बहन है। वह ताली बजाकर गीत गाती है।



प्र.1 आकाश क्या खा रहा है?

उ.1

प्र.2 मीरा कौन है?





उ.2

दिनांक : ____________




# बादल बरसा



आकाश में एक बादल चला जा रहा था। मछली ने कहा, तुम बरसो, मुझे और पानी चाहिए। राजू ने कहा, तुम बरसो, मैं नाव चलाऊँगा। बादल बरसने लगा और तालाब भर गए।

मछली खुश हो गई। मोर खूब नाचा। हँसता हुआ बादल आगे चल दिया।





## प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्र। किस-किसको पानी चाहिए था?

उ। ____________________________________________

____________________________________________

दिनांक : ____________

प्र.२ राजू क्या चलाना चाहता था?

उ.२ ____________

प्र.3 नाम वाले शब्द लिखिए :

प्र.4 उलटे शब्द लिखिए :

खुश ____________

हँसता ____________

आगे ____________



दिनांक : ____________________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### मेरी गेंद कहाँ है?

मेरी गेंद खो गई है। मुझे कहीं नहीं मिल रही है। मैंने दरवाज़े के पीछे देखा। पर वहाँ नहीं है? मैंने ऊपर चढ़कर देखा। यहाँ भी नहीं है। मैंने पलंग के नीचे देखा। पर यहाँ भी नहीं है। मैंने बक्से में तलाश किया। पर वहाँ भी नहीं है? मैंने ऊपर ढूँढ़ा, नीचे देखा। इधर देखा, उधर देखा। यहाँ नहीं! वहाँ नहीं! ओह! वह रही मेरी गेंद, मेरी बहन के पास!



प्र.1 बच्चा क्या ढूँढ़ रहा है?

उ.1

प्र.2 बच्चे ने सबसे पहले गेंद को कहाँ खोजा?

उ.2

प्र.3 क्या उसे गेंद पलंग के नीचे मिली?

उ.3

दिनांक : ____________

प्र.4 गेंद किसके पास मिली?

उ.4

प्र.5 वाक्य बनाइए :

दरवाज़ा

गेंद

प्र.6 उलटे शब्द चुनकर लिखिए:

नीचे ×

उतरकर ×

आगे ×

दूर ×

दिनांक : ________________



## पढ़िए और लिखिए



एक बार चिड़िया और हिरन खेल रहे थे। तभी बारिश होने लगी। एक लड़की अपने पिता के साथ गाड़ी में जा रही थी। उसकी गाड़ी का पहिया कीचड़ में फँस गया। वह गाड़ी से उतर-कर चिड़िया और हिरन के साथ खेलने लगी।



## प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्र। चिड़िया और हिरन क्या कर रहे थे ?

उ। ________________________________

________________________________

दिनांक : ____________

प्र.2 गाड़ी का पहिया कहाँ फँस गया था?

________________________________

________________________________

प्र.3 खाली स्थान भरिए :

- लड़की अपने पिता के साथ ____________ में जा रही थी।
- तभी ____________ होने लगी।
- वह चिड़िया और हिरन के साथ ____________ लगी।



दिनांक : ____________

प्र.4 वाक्य बनाइए :

कीचड़-

गाड़ी-

प्र.5 अपने किन्हीं दो प्यारे दोस्तों के चित्र बनाइए :

दिनांक : ____________________

# गिनती

1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार
5. पाँच
6. छह
7. सात
8. आठ
9. नौ
10. दस
11. ग्यारह
12. बारह
13. तेरह
14. चौदह
15. पंद्रह
16. सोलह
17. सत्रह
18. अठारह
19. उन्नीस
20. बीस

दिनांक : ____________

कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

एक पेड़ के नीचे एक चूहा अपने बिल के अंदर रहता था। उसके बिल के बाहर एक नदी बहती थी। एक दिन उस पेड़ के नीचे एक हाथी रहने आया। वह पेड़ के पास वाली नदी में नहाने गया। मगर नदी के पास एक शिकारी ने जाल बिछा रखा था। बेचारा हाथी जाल में फँस गया।



प्र.1 चूहा कहाँ रहता था ?

उ.1 ____________

प्र.2. पेड़ के नीचे कौन रहने आया ?

उ.2 ____________

दिनांक : ____________

प्र.3 शिकारी ने क्या बिछा रखा था?

उ.3 ______________________

______________________

प्र.4 मिलते-जुलते शब्द (कहानी में से ढूँढ़िए):

- मिल – ______________________
- बंदर – ______________________
- गिन – ______________________
- साथी – ______________________
- बाल – ______________________
- बहाने – ______________________

दिनांक : ________________

प्र.5 वाक्य बनाइए :

नदी -


पेड़ -

प्र.6 अपने प्रिय जानवर का चित्र बनाइए :

दिनांक : ____________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अनुज स्कूल से घर आया। वह बहुत खुश था। जब माँ ने उसे खाने के लिए बुलाया तब उसने माँ को बताया कि उसके दोस्त राघव का जन्मदिन है और उसने उसे अपने घर पर बुलाया है। तब दोनों ने मिलकर सोचा कि उपहार क्या दिया जाए। माँ ने एक नया गमला लिया और उसे सजाया। फिर उसमें अनुज ने चमेली का पौधा लगाया। सुंदर उपहार तैयार था!



प्र.1 किसका जन्मदिन था?

उ.1 ____________________

____________________

प्र.2 अनुज ने उपहार में क्या दिया?

उ.2 ____________________

____________________

प्र.3 चुनकर लिखिए–

उ.3 (क) दो नाम बताने वाले शब्द ––––– –––––

(ख) दो काम बताने वाले शब्द ––––– –––––

(ग) दो विशेषता बताने वाले शब्द ––––– –––––

(घ) दो संयुक्त अक्षर वाले शब्द ––––– –––––

दिनांक : ____________

कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## दो तोते

एक जामुन के पेड़ पर दो तोते रहते थे। एक दिन वे आम खाने निकले। उनको बहुत दूर एक आम का पेड़ दिखा। उस पर बहुत सारे आम लगे थे। वे उस पेड़ पर जाकर आम खाने लगे।

उस पेड़ पर एक बंदर रहता था। उसने तोतों को भगा दिया। तोतों ने बंदर को जामुन लाकर दिए। बंदर खुश हो गया। उनमें दोस्ती हो गई। सबने मिलकर बहुत सारे आम और जामुन खाए।

पढ़िए और चित्र बनाइए—

दिनांक : ________________

प्र.1 जामुन के पेड़ पर कितने तोते रहते थे?

उ.1

प्र.2 बंदर किस पेड़ पर रहता था?

उ.2

प्र.3 चुनकर लिखिए–

उ.3 (क) दो नाम बताने वाले शब्द ––––– –––––

(ख) दो काम बताने वाले शब्द ––––– –––––

(ग) दो विशेषता बताने वाले शब्द ––––– –––––

(घ) दो संयुक्त अक्षर वाले शब्द ––––– –––––


दिनांक : ________________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### दो दोस्त

आदित्य और काव्य दो पक्के दोस्त थे। वे दोनों एक साथ मौज–मस्ती करते थे। वे एक ही स्कूल में पढ़ते थे। एक दिन शाम को वे अपनी कॉलोनी के बच्चों के साथ गेंद–बल्ला खेलने के लिए निकले। रास्ते में उन्हें प्यास लग गई। मगर प्याऊ के पास मधुमक्खियों का छत्ता था। वे बेचारे घर की तरफ़ लौट पड़े।







प्र.1 संयुक्त अक्षर वाले शब्दों पर गोला लगाइए।

प्र.2 कौन पक्के दोस्त थे?

उ.2 ________________

प्र.3 प्याऊ के पास क्या था?

उ.3 ________________

________________

दिनांक : ____________

4. वाक्य बनाइए :

क्योंकि ________________

________________

दिल्ली ________________

________________

5. सही शब्द पर गोला लगाइए :

| | | |
|---|---|---|
| वस्तू | वसतु | वस्तु |
| मछर | मच्छर | मचछर |
| स्वादिष्ट | स्वादीषट | सवादिष्ट |

दिनांक : ____________

कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## नीता की गुड़िया

नीता के पास एक प्यारी गुड़िया है। उसकी नीली आँखें और गुलाबी गाल हैं। उसके चेहरे की मुस्कान सभी का दिल जीत लेती है। वह बिस्तर पर नीता के साथ ही सोती है। वह ताली बजाने पर नाचती भी है। नीता को अपनी गुड़िया बहुत पसंद है।



प्र.1 नीता की गुड़िया की आँखें किस रंग की हैं?

उ.1 ____________

प्र.2 गुड़िया कहाँ सोती है?

उ.2 ____________

प्र3. वाक्य बनाइए :

क. गुड़िया ____________

दिनांक : ____________

ख. गुलाबी

प्र.4. दो संयुक्त अक्षर वाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए :

प्र.5. दो नाम बताने बताने वाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए :

प्र.6. गुड़िया को अपनी पसंद का नाम दीजिए :

प्र.7. नीता की गुड़िया के साथ अपने मनपसंद खिलौने का चित्र बनाइए :

दिनांक : ____________

कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## गोल गेंद




प्र.1 अपने मनपसंद खेल पर कुछ वाक्य लिखिए :

उ.1 ____________

प्र.2 नीचे लिखे शब्दों के उलटे शब्द लिखिए :

जैसे – बड़ा – छोटा

ऊपर × ____________

दिनांक : ____________

हँसाती × ____________

हार × ____________

अच्छा × ____________

मोटा × ____________

प्र.3 वाक्यों को एक से अनेक में बदलकर दोबारा लिखिए :

क) खिड़की खुली है।

____________

ख) बच्चा खेल रहा है।

____________

ग) दरवाज़ा बंद था।

____________

घ) वह किताब लेकर आओ।

____________

दिनांक : ________________

प्र. 4 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करिए :

क) ________________ (पुस्तक / पुस्तकें) मेज पर रखी है।

ख) ________________ (खिड़की / खिड़कियाँ) लकड़ी से बनी हैं।

ग) ________________ (बच्चा / बच्चे) मैदान में खेल रहे हैं।


घ) ________________ मेरे मित्र के पास बहुत सारे (खिलौना, खिलौने) हैं।

दिनांक : ___________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### ईद

इस महीने हम ईद का त्योहार मना रहे हैं। सब बच्चे, बूढ़े और जवान नए–नए कपड़े पहनकर मस्जिद में नमाज़ पढ़ने जाएँगे। नमाज़ के बाद सब एक–दूसरे के गले मिलते हैं और ईद मुबारक कहते हैं। बच्चे भी ईदी पाकर बहुत खुश होते हैं। सबके घरों में मीठी सेवइयाँ पकाई जाती हैं।



प्र.1 नमाज़ कहाँ पढ़ी जाती है?

उ.1 ____________________

प्र.2 बच्चे ईद पर क्यों खुश होते हैं?

उ.2 ____________________


प्र.3. अपने मन–पसंद त्योहार का चित्र बनाइए :

दिनांक : ____________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### दिवाली पर मिला मुझे अनोखा उपहार

इस दिवाली पर मिला मुझे एक अनोखा उपहार–एक छोटा–सा, प्यारा कुत्ता। उसी दिन मैंने उसका नाम रख दिया 'पटाखा'। मगर दादी माँ को वह बिलकुल पसंद नहीं आया। उस बेचारे को दादी जी से मिलती हर समय डाँट। बेचारा पटाखा! एक रात वह ज़ोर–ज़ोर से भौंकने लगा जिससे सब जाग गए। अचानक दादी जी ने देखा कि वह कुछ लोगों के पीछे भाग रहा था। चौकीदार भइया ने झट से उन्हें पकड़ा। वे चोर थे और हमारे घर चोरी करने आए थे। प्यारे पटाखे की सूझबूझ और बहादुरी से हम सब बच गए। दादी जी भी खुश हो गईं और उन्होंने भी पटाखे को बहुत प्यार किया।



प्र.1 दिवाली का अनोखा उपहार क्या था?

उ.1 ____________

प्र.2 'पटाखा' को हर समय किससे डाँट मिलती थी?

उ.2 ____________

दिनांक : ____________

प्र.3 रात में 'पटाखा' क्यों भौंकने लगा?

उ.3

प्र.4 वाक्य बनाइए:

दिवाली

चोर

प्र.5 कहानी में से कोई दो संयुक्त अक्षर वाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए:

दिनांक : ________________


प्र.6 आप अपने पालतू जानवर का क्या नाम रखेंगें ?

प्र.7 क्या हमें पटाखे चलाने चाहिए ? क्यों ?

कहानी को समझकर चित्र बनाइए :

दिनांक : ____________________

# चित्र देखकर कुछ वाक्य लिखिए :



______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

दिनांक : ___________

कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## आओ मदद करें

बहुत समय पहले की बात है, चूहों की टोली एक पेड़ के नीचे अपने बिल में रहती थी। एक दिन हिरनों का झुंड पानी की तलाश में उस ओर आया। उन्होंने चूहों के बिल को तोड़ दिया और बहुत सारे चूहे उनके पैरों तले कुचले गए। चूहों के राजा ने हिरनों के मुखिया से यह एक प्रार्थना की । वे इस ओर से न जाकर दूसरी तरफ़ से पानी की खोज में जाया करें। हिरनों के मुखिया ने चूहों की परेशानी समझ ली और अपना रास्ता बदल लिया।



प्र.1 चूहों की टोली कहाँ रहती थी?

उ.1 ___________

प्र.2 हिरन क्या ढूँढ रहे थे?

उ.2 ___________

दिनांक : ____________

प्र.3 अगर आप हिरनों के मुखिया की जगह होते तो क्या करते?

उ.3 ____________

प्र.4 वाक्य बनाइए :

प्रार्थना ____________

रास्ता ____________

प्र.5 एक अनेक :

टोली – ____________

रास्ता – ____________

परेशानी – ____________


चूहा – ____________

दिनांक : ____________________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

चीकू और मीकू दोनों मित्र थे। एक दिन वे कहीं जा रहे थे। रास्ते में उन्हें कुछ खेत दिखाई दिए। खेतों में तरबूज़ की बेलें थीं। बेलों पर बड़े–बड़े तरबूज़ लगे थे। तरबूज़ देखकर उनके मुँह में पानी आ गया। खेत का मालिक वहीं खड़ा था। उन्होंने मालिक से कहा – 'हम तरबूज़ खाना चाहते हैं।' खेत के मालिक ने उन्हें एक तरबूज़ तोड़कर दे दिया। दोनों ने मिल बाँटकर तरबूज़ खा लिया।





प्र.1 खेतों में क्या लगे थे?

उ.1 ______________________________

______________________________

दिनांक : ________________

प्र.2 चीकू और मीकू ने मालिक से क्या कहा?

उ.2 ______________________

प्र.3 इस कहानी को एक नाम दीजिए।

उ.3 ______________________

प्र.4 बूझो तो जानें :

1. जिस जगह फल और सब्ज़ियाँ उगाई जाती हैं। ____________

2. एक फल जो हम गरमियों में खाते हैं। वह अंदर से लाल होता है और बाहर से हरा होता है ____________

3. दोस्त को ____________ भी कहते हैं।

प्र.5 इस कहानी में से–

(क) दो संयुक्ताक्षर शब्द ढूँढ़कर लिखिए :

____________ ____________

(ख) दो विशेषता बताने वाले शब्द ढूँढ़कर लिखिए:

____________ ____________

दिनांक : ___________________


## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### आलू–मालू–कालू

मालू के बगीचे में टमाटर, बैंगन, शलगम और आलू उग रहे थे। एक दिन दादी ने मालू को खाली टोकरी देकर आलू लाने के लिए भेजा।

मालू ने बहुत ध्यान से खोजा पर उसे वह सब्ज़ी नहीं मिली। इतने में उसका कुत्ता कालू भौंकता हुआ बगीचे में आया और गड्ढा खोदने लगा।

अरे! यह क्या! वाह कालू! उसने ढूँढ़ निकाले आलू! आलू ज़मीन के नीचे उग रहे थे।





प्र.1 बगीचे में कौन–कौन सी सब्ज़ियाँ उग रही थीं?

उ.1 ______________________________

______________________________

प्र.2 मालू खाली टोकरी क्यों लाया?

उ.2 ______________________________

______________________________

दिनांक : ____________

प्र.3 मालू को आलू कहाँ मिले?

उ.3

प्र. 4. वाक्य बनाइए –

सब्ज़ी

ध्यान

प्र.5 सब्ज़ियाँ जो ज़मीन के :

नीचे उगती हैं :

ऊपर उगती हैं :


दिनांक : ____________

# कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## लोमड़ी और कौआ

एक बार एक कौआ पेड़ की शाखा पर बैठा था। वह एक रोटी का टुकड़ा खा रहा था। तभी वहाँ से एक लोमड़ी जा रही थी। रोटी के टुकड़े को देखकर उसके मुँह में पानी आ गया। उसने कौए से कहा, "तुम कितने सुंदर पक्षी हो! तुम्हारे पंख तो बहुत मुलायम और चोंच अति सुंदर है। मुझे विश्वास है कि तुम्हारी आवाज़ भी बहुत सुरीली होगी।"

अपनी प्रशंसा सुनकर कौआ काँव–काँव करने लगा। जैसे ही कौए ने काँव–काँव किया, उसकी रोटी का टुकड़ा नीचे गिर गया। लोमड़ी ने जल्दी से उसे खा लिया और कौए से कहा, "तुम्हारी आवाज़ बहुत सुरीली है परंतु तुम समझदार नहीं हो।" यह कहकर लोमड़ी वहाँ से चली गई।





प्र.1 कौआ पेड़ पर बैठा क्या खा रहा था?

उ.1 ____________

प्र.2 लोमड़ी ने कौए से क्या कहा?

उ.2 ____________

दिनांक : ____________

प्र.3 जब कौए ने चोंच खोली तो क्या हुआ?

उ.3

प्र. 4. उलटे शब्द चुनकर लिखिए :

खड़ा × ____________

धीरे × ____________

यहाँ × ____________

सख़्त × ____________

ऊपर × ____________

नासमझ × ____________

दिनांक : ____________________

# कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## वर्षा

पानी बरस रहा था। कभी तेज़ हवा चलती और पानी ज़ोर–ज़ोर से बरसने लगता। कभी बारिश धीमी हो जाती। रोहन ने दादी से पूछा, "क्या मैं बाहर जाऊँ और बारिश में खेलूँ? मैं भीगना चाहता हूँ।"

"बिजली चमक रही है। ज़रा होशियार रहना'', दादी बोलीं। रोहन का कुत्ता गोलू कुरसी के नीचे घुसकर बैठा था। जब उसने रोहन को छतरी उठाए हुए देखा तो वह कुरसी के नीचे से निकल आया। गोलू रोहन का हाथ चाटने लगा और पूँछ हिलाने लगा।

"अच्छा ठीक है'', रोहन ने कहा, "तुम भी आ सकते हो।" रोहन आगे–आगे बढ़ा। गोलू ठीक उसके पीछे–पीछे। जैसे ही वे बाहर पहुँचे, तेज़ हवा का झोंका आया।

रोहन की छतरी अचानक उसके हाथ से छूट गई और उड़कर बगीचे में जा गिरी। तेज़–तेज़ बिजली चमकी। रोहन ठिठक गया। तुरंत भारी गड़गड़ाहट की आवाज़ हुई। गोलू घर की ओर भागा और कुरसी के नीचे छिप गया। रोहन वापस दौड़ा। झट से आकर दादी से सटकर बैठ गया।







प्र.1 रोहन वर्षा में क्यों जाना चाहता था?

उ.1 ____________________

दिनांक : ________________

प्र.2 रोहन की छतरी को क्या हुआ?

उ.2

प्र.3. गोलू कुरसी के नीचे क्यों छिप गया?

प्र.4. वाक्य बनाइए :

(क) वर्षा

(ख) बगीचे

(ग) छिप

दिनांक : ____________

(घ) नीचे ____________

प्र.5. उलटे शब्द चुनकर लिखिए

धीरे × ____________

बुरा × ____________

अंदर × ____________

पीछे × ____________

आऊँ × ____________

उठ × ____________

ऊपर × ____________

जाकर × ____________

दिनांक : ____________________

**मुझे जानो**

मेरा नाम ____________________

मेरी उम्र ____________________

मेरा जन्मदिन ____________________

मेरा प्रिय खाना ____________________

मेरा प्रिय रंग ____________________

मेरा प्रिय दोस्त ____________________

मेरा प्रिय खेल ____________________

मेरा प्रिय जानवर ____________________

मेरा प्रिय फूल ____________________

मेरा प्रिय फल ____________________

मेरी प्रिय सब्ज़ी ____________________

**मैं**

**मेरा चित्र**

दिनांक : ____________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

# झूठ–मूठ की चाय

माँ बाज़ार गईं थीं। बूढ़ी नानी जी को चाय पीनी थी। मैंने सोचा कि आज मैं ही चाय बना दूँ। मैंने अपने खिलौनों की टोकरी से निकाला एक पतीला, झूठ–मूठ की चीनी–पत्ती के डिब्बे, दूध का डिब्बा और गैस स्टोव।

फिर याद किया कि माँ चाय कैसे बनाती हैं ..... अरे, हाँ! मुझे उबलते हुए पानी में डालनी थी एक चम्मच चीनी, आधा चम्मच चाय की पत्तियाँ और थोड़ा सा दूध। फिर मैं चाय के उबलने का इंतजार करता रहा। कुछ ही देर में गरमा–गरम चाय तैयार थी।

मैंने टोकरी से छोटे–छोटे दो प्याले निकाले और उनमें चाय डाली। फिर नानी जी और मैंने बिस्कुटों के साथ खूब मज़े से झूठ–मूठ की चाय पी।



प्र.1 माँ कहाँ गईं थीं?

उ.1 ____________________

____________________

प्र.2 चाय बनाने के लिए क्या–क्या सामान चाहिए था?

उ.2 ____________________

____________________

दिनांक : ________________

प्र.3 कहानी में से मिलते–जुलते शब्द ढूँढ़िए :

मोटे ________ पानी ________

राधा ________ शेर ________

प्र.4 एक – अनेक

डिब्बा ________ टोकरी ________

दूध ________ पत्ती ________

प्र.5. अगर मुझे चाय बनानी हो तो ...

________

________

________


प्र.6. चाय के प्याले का चित्र बनाइए:

दिनांक : ________________

कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## रंगों की लड़ाई

बात है यह बहुत पुरानी।
सुनी थी हमने दादी–नानी की ज़ुबानी।
बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी और लाल
सब रंगों का हुआ बुरा हाल।
रंगों में हुई एक दिन लड़ाई,
सबने मिलकर बात बढ़ाई।
बैंगनी बोला–मैं अच्छा हूँ,
पीला बोला मैं सच्चा हूँ।
हरा, आसमानी और नांरगी आए अकड़कर,
बोले–नहीं है कोई हमसे बढ़कर।
सबमें हो गई कहा–सुनी।
फिर आए बादल मुनि।
बादल बाबा ने कहा
नहीं फ़ायदा आपस में झगड़कर,
आओ खुशियाँ बाँटें सब मिलकर।
सबने मिलकर गीत प्रेम का गाया
और आसमान में सुंदर इंद्रधनुष बनाया।
सब एक साथ नाचे–गाए और धरती के प्यारे बच्चे मुसकाए।



प्र.1 कौन–कौन से रंगों में लड़ाई हो रही थी?

उ.1 ____________________

____________________

दिनांक : ____________________

प्र.2 रंगों की लड़ाई किसने सुलझाई?

उ.2

प्र.3 धरती के बच्चे क्यों मुसकाए?

उ.3

प्र.4 वाक्य बनाइए :

(क) इंद्रधनुष

(ख) आसमान

प्र.5 मेरे प्रिय रंग हैं.....

दिनांक : ________________

## कहानी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### रीमा का जन्मदिन

आज रीमा का जन्मदिन है। रीमा सात वर्ष की हो गई है। आज उसके सभी दोस्त उसके घर आएँगे। सुनीता दीदी ने आज घर की अच्छी तरह से सफ़ाई की है। मम्मी ने घर में अच्छे–अच्छे स्वादिष्ट पकवान बनाए हैं। रीमा तैयार होने अपने कमरे में गई। लेकिन यह क्या? रीमा के कपड़े छोटे हो गए हैं। पापा ज़ोर से हँसे और बोले, "कपड़े नहीं छोटे हुए, हमारी रीमा बड़ी हो गई है। ओह ! अब क्या करें इन कपड़ों का?

रीमा ने कहा, "माँ, क्यों न ये कपड़े हम सुनीता दीदी की बेटी को भेंट कर दें।" माँ को सुझाव पसंद आया। पापा भी मुसकराए।

सुनीता दीदी भी खुश हो गईं। जन्मदिन की पार्टी में उनकी बेटी सितारा वही फ़्रॉक पहनकर आई। उन कपड़ों में सितारा छोटी रीमा ही तो लग रही थी।



प्र.1 रीमा कितने वर्ष की हो गई थी?

उ.1 ________________

प्र.2 घर की सफ़ाई किसने की थी?

उ.2 ________________

दिनांक : ________________

प्र.3 पार्टी में सुनीता दीदी की बेटी किसकी तरह लग रही थी?

उ.3

प्र.4 चुनकर लिखिए–

(क) दो नाम बताने वाले शब्द ––––– –––––

(ख) दो विशेषता बताने वाले शब्द ––––– –––––


प्र.5 जब मैंने किसी के साथ अपनी चीज़ें बाँटीं तो.......

प्र.6 अपने किन्हीं दो प्रिय कपड़ों के चित्र बनाइए:

# Enrichment Sheets

दिनांक : ____________________

**बूझो तो जानो- नीचे दिए गए चित्रों के शब्दों को ढूँढ कर गोला लगाओ:**






| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | अ | वी | सो | इ | फ | ख | पु | ऐ | य |
| ज़ | भू | ने | गा | ज्ञ | त | न | ह | स्त | त्र |
| कि | लौ | की | प | ब | सू | बू | वा | ढ | क |
| खि | डि | च | औ | र | त | र | ई | वा | ऊ |
| ग | ति | क्र | प्र | सा | दा | छ | ज | शे | व |
| य | त | के | बो | त | ल | य | हा | र | कि |
| ट | ली | त | ड़ी | ऋ | ठ | उ | ज़ | ह | त |
| थ | सी | लू | व | श | पि | ग | ने | य | ट |








दिनांक : ____________

# बूझो और जानो




टिक–टिक टिक–टिक

मैं सदा हूँ करती,


समय बताती हूँ मैं सबको

नहीं कभी मैं हूँ रुकती।

मैं ____________ हूँ।

प्र. आप सुबह किस समय उठते हैं?

उ. ____________________



चिड़िया नहीं लेकिन मैं

आकाश में ऊँचा उड़ता हूँ

उड़ना चाहो तुम मेरे संग

सैर करा मैं सकता हूँ।

मैं ह____ ज____हूँ।

प्र. कौन–सा पक्षी उड़ नहीं सकता?

उ. ____________________


दिनांक : ____________________

जंगल में रहता हूँ मैं

ज़ोर से खूब गरजता हूँ

बादल नहीं, राजा हूँ मैं

नहीं किसी से डरता हूँ।



मैं ____________ हूँ।

प्र. यह जानवर क्या खाता है?


उ. ________________________________________

बाहर से है रंग हरा

रस से रहता भरा–भरा

लाल–लाल शरबत पिलवाऊँ

गरमी में मैं प्यास बुझाऊँ।



मैं ____________ हूँ।

प्र. आपका मनपसंद फल कौन सा है?

उ. ________________________________________

दिनांक : ____________________

## बूझो और शब्दों को पहचान कर सही स्थान पर लिखिए :

1.फूल और फल को जोड़ो और कुछ मीठा खाओ : गु _ ब _ _ न

4. बरतन हूँ छोटा सा ,दाल -दही मुझ में सब खाते : क __ री

6. मछली जैसी पर सूरत है लड़की की, परियों के कहानी में सबको है दिखती : ज _ _ री


1. _ स्सा नहीं करना कभी ,तभी बनोगे सभी के साथी

2.मकड़ी बनाए और खुद फँस जाए : जा __

3.खाना मेरे बिना स्वाद खो देता : न _ क

5. फल-सब्ज़ी मुझ में सब रखते , पिकनिक पर भी लेकर जाते : टो __ __

7. _ _ जी ने केला खाया ,केला खा कर मुँह बिचकाया ।





दिनांक : ____________

**खेल-खेल में**

पालतू पशुओं और जंगली जानवरों के नाम ढूँढ़कर नीचे लिखिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ब | क | री | भे | ड़ि | या |
| भा | लू | मु | र | ल | च |
| ऊँ | ट | स | लो | म | ड़ी |
| घो | ड़ा | हा | थी | बि | ल्ली |
| शे | बा | बै | ल | भे | गा |
| र | घ | गी | द | ड़ | य |





मुझे सबसे अच्छा जानवर ______ लगता है क्योंकि

______________________________

______________________________

______________________________

दिनांक : ________________


**चित्रों को ध्यान से देखते हुए कहानी को क्रम से लगाइए :**











1. एक सुहाना दिन था, राधा चलती हुई जब पार्क में आई।
2. रंग बिरंगे फूलों को देखा, तो राधा पर फिर मस्ती छाई।
3. राधा ने फूलों को तोड़ा,तभी एक मकड़ी उछल कर आई।
4. मकड़ी ने तब यह समझाया, फूल तोड़ना गलत बात है भाई।
5. राधा को बात समझ में आई और उसने घर को दौड़ लगाई।

दिनांक : ____________

**आओ पढ़ें,समझें और सुन्दर चित्र बनाएं :**

गाजर खाना मुझे पसंद ,
उजला सफ़ेद है मेरा रंग।

चिड़िया,बंदर मुझ पर हैं रहते,
मुझ से है जीवन सभी यह कहते।

यहाँ-वहाँ जब कूड़ा देखो,
उसे उठा कर मुझ में फेंको।

आसमान में रात को मैं जब आता,
साथ में टिम-टिम तारे तब लाता।

दिनांक : ____________________

**चित्र को देखकर वर्ग पहेली में उनके नाम ढूंढो और खानों में रंग भी भरो :**









| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सि | पा | ही | ज | प | पी | ता |
| क | म | रा | नी | र | ला | न |
| सी | ढ़ी | ज | ग | ढ | ह | चा |
| अ | क | सू | रे | हे | ल | ट |
| ट | चा | र | ल | को | क | ध |
| सा | ब | ज | गा | घ | ड़ी | र |
| में | ढ | क | ड़ी | ला | या | ती |







दिनांक : ____________

दिए गए 'अगस्त के महीने' को देखकर सप्ताह के दिनों की नाम लिखिए-

| सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | रविवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

दिनांक दिन / वार

7 ____________

19 ____________

25 ____________

31 ____________

सोमवार के बाद ____________

बुधवार और शुक्रवार के बीच ____________

H.W. HINDI C.W.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| 101 | 102 | 103 | 104 | 105 | 106 | 107 | 108 | 109 | 110 |
| 111 | 112 | 113 | 114 | 115 | 116 | 117 | 118 | 119 | 120 |
| 121 | 122 | 123 | 124 | 125 | 126 | 127 | 128 | 129 | 130 |
| 131 | 132 | 133 | 134 | 135 | 136 | 137 | 138 | 139 | 140 |
| 141 | 142 | 143 | 144 | 145 | 146 | 147 | 148 | 149 | 150 |
| 151 | 152 | 153 | 154 | 155 | 156 | 157 | 158 | 158 | 160 |
| 161 | | | | | | | | | |